छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-दो

बुधवार, दिनांक 08 जनवरी, 2014 (पौष 18, 1935)

प्रश्नों की सूचनाएं देने एवं प्रश्नों के उत्तर विभाग से प्राप्त होने का अंतिम दिनांक दर्शाने वाले प्रपत्रों का वितरण

चतुर्थ विधान सभा का प्रथम सत्र दिनांक 06 जनवरी, 2014 से प्रारंभ हुआ है तथा कार्यमंत्रणा समिति की बैठक दिनांक 07 जनवरी, 2014 में की गई सिफारिश तथा सदन द्वारा दिनांक 08 जनवरी, 2014 को लिए गए निर्णय अनुसार सदन की बैठकें सोमवार, दिनांक 03 फरवरी, 2014 से बुधवार, दिनांक 26 फरवरी, 2014 तक तथा शनिवार, दिनांक 08 फरवरी, 2014 को भी होगी।

सदन के उपरोक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में अवकाश के दिन शनिवार, दिनांक 08 फरवरी, 2014 हेतु नियत बैठक को छोड़कर, दिनांक 03 फरवरी, 2014 से दिनांक 26 फरवरी, 2014 तक की बैठकों हेतु कुल 18 बैठकों में प्रश्नकाल नियत है।

बैठक वाले दिन प्रश्नकाल हेतु विधान सभा सचिवालय में प्रश्नों की सूचना देने का अंतिम दिनांक दर्शाने वाला विवरण (पीले रंग के कागज में मुद्रित) तथा शासन के मुख्यमंत्री एवं समस्त मंत्रीगणों के लिए नियत तिथि के प्रश्नों के उत्तर विधान सभा सचिवालय को प्रेषित करने का अंतिम दिनांक दर्शाने वाला विवरण (गुलाबी रंग के कागज में मुद्रित) खानेदार आलमारी के माध्यम से वितरित किया जा रहा है।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव